मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 164 | सोमवार, 16 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

सलमान ने इंजरी के चलते एक्शन सींस से लिया ब्रेक

## अंबरनाथ में मजदूर ने की मुकादम की हत्या

- सर पर हथोड़े से किया वार
- मजदूरी के पैसों को लेकर हुआ था विवाद
- आरोपी मजदूर गिरफ्तार



मृतक अब्दुल अकालू रहमान



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व की एक इमारत में काम करने वाले मजदूर ने अपने ही मुकादम के सर पर हथौड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी है. शिवाजी नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत ने पत्रकारों को बताया कि मजदूर सलीम याकूब शेख (49) को उसके मुकादम अब्दुल अकालू रहमान (37) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. हल्याचा पाड़ा वडवली सेक्शन, रोटरी क्लब के सामने दत्त को-आपरेटिव सोसायटी इमारत को रिडेवलपमेंट के लिए दिया गया है. यहां पर एक गाले में 3 मजदूर रहते हैं. मुकादम अब्दुल ने उन्हें बंगाल से यह कह कर लाया था कि वह रोजाना मजदूरी के 900 रुपए देगा. लेकिन वह उन्हें 200 रुपए कम यानी 700 रुपए ही देता था. इस बात को लेकर मजदूर और मुकादम के बीच झगड़ा हो गया. गुस्से में आकर सलीम ने पास में पड़े हथौड़े को उठाकर अब्दुल के सर पर दे मारा. जिसके कारण अब्दुल गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भगत कर रहे हैं.

## क्राइम डायरी...

### ज्ञानेश महाराव के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी.** नवी मुंबई के विष्णुदास भावे नाट्यगृह की सभा में ज्ञानेश महाराव द्वारा भगवान श्री राम और हिंदू संत के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में पत्रकार व लेखक ज्ञानेश महाराव के खिलाफ भिवंडी में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक विश्व हिंदू परिषद के भिवंडी सह मंत्री वैभव अशोक महाडिक ने यह मामला दर्ज कराया है.अशोक महाडिक ने मोबाइल फोन के यूट्यूब पर यह बयान प्रसारित होने के बाद निजामपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

### आनंद आश्रम में नोट बरसाने वाले दो पदाधिकारी हटाए गए

**ठाणे.** शिवसेना ने अपनी ठाणे इकाई के दो पदाधिकारियों को हटा दिया। दरअसल, एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोगों को दिवंगत आनंद दिघे की तस्वीर के सामने नाचते और नोट बरसाते हुए देखा गया।

इस वीडियो के वायरल होने के बाद ही शिवसेना ने कार्रवाई की। यह घटना 12 सितंबर को घटी। वीडियो में कुछ स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं को आनंद आश्रम में दिखे की तस्वीर के सामने नोट बरसाते हुए देखा गया। इस वीडियो को देखकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और ठाणे से शिव सेना सांसद नरेश म्हस्के ने नाराजगी जताई। उन्होंने इस घटना को बेहद अप्रिय बताया। शनिवार की रात को म्हस्के ने निर्देश जारी किया, जिसमें पार्टी के दो नेताओं को उनके पद से हटाने का फैसला लिया गया।

# उल्हास नदी का प्रदूषित पानी मराठवाड़ा ले जाने की तैयारी

- पर्यावरणविदों ने जताई नाराजगी!

**बदलापुर.** राज्य सरकार ने मराठवाड़ा क्षेत्र में उल्हास और वैतरणा नदी से अधिशेष पानी को गोदावरी नदी तक पहुंचाने के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए 61 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। लेकिन उल्हास नदी बचाओ कृति समिति ने सवाल उठाया है कि क्या उल्हास नदी का प्रदूषित पानी मराठवाड़ा ले जाया जाएगा। पर्यावरणविदों ने भी यह भावना व्यक्त की है कि सबसे पहले नदी प्रदूषण को रोकने की आवश्यकता है।



राज्य सरकार ने सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए उल्हास नदी से कुल 54.70 टीएमसी अतिरिक्त पानी और वैतरणा से 19.90 टीएमसी अतिरिक्त पानी को गोदावरी नदी में मोड़ने का फैसला किया है। जल संसाधन विभाग ने हाल ही में इसके लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के सरकारी निर्णय की घोषणा की है। इसके लिए 61 करोड़ 52 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है. इसलिए इस प्रोजेक्ट का विस्तार से अध्ययन किया जाएगा.

हालाँकि, उल्हास नदी बचाओ कृति समिति ने इस फैसले पर उंगली उठाते हुए उल्हास नदी के प्रदूषण के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया है। प्रतिदिन सीवेज और नालों के माध्यम से उल्हास नदी में प्रदूषित पानी मिल रहा है। इसके अलावा, नदी के तटीय क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों के कारण नदी का अस्तित्व खतरे में है। राज्य सरकार अभी तक इन नदियों के प्रदूषण का समाधान ढूंढने में सफल नहीं हो पायी है. जल स्तर की समस्या के कारण हर वर्ष जल स्तर गिरता जा रहा है।

बाढ़ रेखा और निर्माण क्षेत्र के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। ऐसे में इस प्रदूषित नदी का पानी मराठवाड़ा की ओर मोड़ने का पाप न करें, ऐसी राय उल्हास नदी बचाओ कृति समिति के सदस्यों ने व्यक्त की है. समिति के रवींद्र लिंगायत ने कहा है कि प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लापरवाही के कारण उल्हास और उसकी सहायक नदियां वालधुनी नदी की तरह मर रही हैं. पर्यावरणविद अब सवाल उठा रहे हैं कि इतनी प्रदूषित नदी का पानी मराठवाड़ा की ओर मोड़कर सरकार कितनी खुश है.

### जोरदार विरोध करेंगे

उल्हास नदी बचाओ कृति समिति ने रुख अपनाया है कि वह उल्हास नदी और उसकी सहायक नदियों के अपशिष्ट जल को उल्हास बेसिन से मराठवाड़ा की ओर मोड़ने के फैसले का जोरदार विरोध करेगी।

## स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ मामले में BJP आक्रामक

- स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

**उल्हासनगर.** 7 वर्षीय स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की. हिललाइन पुलिस ने छेड़छाड़ और POCSA के तहत मामला दर्ज कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है.

दो दिन पहले उल्हासनगर पूर्व के एक स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाली 7 साल की बच्ची के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस मामले में अभिभावकों की शिकायत पर हिललाइन पुलिस शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. बीजेपी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस से बदलापुर कांड की तरह स्कूल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की. बताया जाता है कि स्कूल प्रबंधन में कालानी परिवार का एक सदस्य शामिल है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, विधायक कुमार आयलानी, जमनुदास पुरसवानी, राजेश वधारिया, सिंधु शर्मा समेत अन्य मौजूद थे. भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप से मुलाकात की और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. साथ ही शहर जिला अध्यक्ष रामचंदानी ने वरिष्ठों के आदेशानुसार आंदोलन करने की चेतावनी दी है। बदलापुर घटना की तरह, भाजपा ने मांग की कि हिललाइन पुलिस स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करे। स्कूल प्रबंधन पर कालानी परिवार के ही सदस्य हैं और कहा जा रहा है कि बीजेपी ने इस मामले में कालानी पर निशाना साधा है.

## उल्हासनगर में 4 मंजिला अवैध इमारत पर तोड़क कार्रवाई

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त विकास ढाकने के आदेश पर कैंप नंबर-2, सोनार गली में खड़ी अवैध 4 मंजिला इमारत पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई है। सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने ऐसे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिये हैं.

आयुक्त विकास ढाकने, अपर आयुक्त किशोर गवस को उल्हासनगर में बिना अनुमति चल रहे अवैध निर्माण की कई शिकायतें मिली हैं। इनमें कैंप नंबर-2, सोनार गली में खड़ी 4 मंजिला अवैध इमारत पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने का आदेश आयुक्त ढाकने ने सहायक आयुक्त गणेश शिंपी सहित संबंधित वार्ड अधिकारी को दिया.



इसके मुताबिक असिस्टेंट कमिश्नर गणेश शिंपी के नेतृत्व में बिल्डिंग पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई. शहर की ओर से ऐसे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है. कैंप नंबर-3 से बहने वाली वालधुनी नदी के किनारे शांतिनगर और हीराघाट इलाके में अवैध शेड खड़े हैं और गावड़े स्कूल के पास अवैध रूप से कई कमरों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही शहर में यह भी चर्चा है कि महादेव कंपाउंड और पुराने डंपिंग एरिया में अवैध निर्माण कर लिया गया है.

उल्हासनगर की गिनती अवैध निर्माण वाले शहर के रूप में की जाने लगी है। जब अवैध निर्माण का मामला सामने आया तो राज्य सरकार ने अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए विशेष अध्यादेश जारी किया. खतरनाक इमारतों के प्रश्न को शामिल करने के लिए इसमें समय-समय पर संशोधन किया गया, लेकिन इसका क्रियान्वयन नहीं होने के कारण नियमित भवन का पुनर्निर्माण रुका हुआ है. उधर, शहरवासी महानगर पालिका पर अवैध निर्माण पर लगाम लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगा रहे हैं।

### सोनार गली में शौचालय कहां गए?

कैंप नंबर-2, शिरू चौक से सोनार गली तक के इलाके में मनपा के कई शौचालयों पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है और अवैध निर्माण खड़ा कर दिया है. सोनार गली, जो कभी अपने सार्वजनिक शौचालयों के लिए प्रसिद्ध थी, में एक असाधारण शौचालय शेष है। साथ ही शौचालयों पर कब्जा कर बनाए गए अवैध निर्माण पर भी कार्रवाई होने की संभावना है।

## MM ग्रुप की कालकी गणपति



**उल्हासनगर।** कैम्प-3 स्टेशन रोड स्थित सुप्रसिद्ध एम एम ग्रूप की गणपति आर्कषण का केंद्र बनी हुई है। पिछले ४० वर्षों से मंडल अपनी अनोखी मूर्ति व झांकी से भक्तों का मन जीत रहा है। इस वर्ष समय चक्र पर आधारित कलयुग में कालकी अवतार की भव्य झांकी रखी गई है जिसे देखने और ५ मिनट की कालकी अवतार में ७ चिरंजीवी की मदद से नए युग की कहानी सुनने हजारों की भीड़ यहां आती है। मंडल के थीम मंडल अध्यक्ष अनिल लखानी की है और मूर्ति सजावट सन्नी मूलचंदानी की। जय व सुनिल रोचलानी, रवि वलेच्छा, सुमित नागपाल, प्रथम तलेजा, राहुल थदानी, साहिल मनवानी अपनी टीम के साथ कड़ी मेहनत कर इसे सफल बना रहे हैं। शहरवासियों से अपील है इस भव्य मनमोहक झांकी को अवश्य देखें।

## उल्हासनगर मनपा की बनेगी 15 मंजिला इमारत

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका की इमारत जर्जर और खतरनाक हो गई है. इस बिल्डिंग के निर्माण में करीब 300 करोड़ रुपये की जरूरत है. इसमें से 200 करोड़ रुपये का भुगतान जिला प्रशासन के माध्यम से करने का जिम्मा पालक मंत्री शंभुराज देसाई को सौंपा गया है. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के माध्यम से गणेशोत्सव के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 15 मंजिली इमारत के निर्माण का प्रेजेंटेशन देकर इस काम को हरी झंडी दिलाने की कोशिश की जा रही है.





उल्हासनगर महानगर पालिका भवन के स्ट्रक्चरल ऑडिट के खतरनाक होने का हवाला देते हुए, विधायक कुमार आयलानी और तत्कालीन आयुक्त अजीज शेख ने हाल ही में आयोजित डीपीसी में एक नए भवन के लिए पालक मंत्री देसाई से आग्रह किया था.

15 मंजिला इमारत के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री शिंदे को प्रेजेंटेशन दिया जाएगा और अनुमति ली जाएगी. यदि समय पर निर्माण नहीं कराया गया तो किसी भी समय जानमाल की हानि का भय बना है।

तत्कालीन आयुक्त अजीज शेख ने जिला प्रशासन से 200 करोड़ के फंड की मांग की थी. मनपा की 15 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर में तीन मंजिल पर वाहन पार्किंग होगी और बाकी इमारत में नगर निगम का प्रशासनिक कार्य होगा।

## युवा नेता आकाश सुमित चक्रवर्ती द्वारा सराहनीय कार्य





**उल्हासनगर. गणपति उत्सव में हर साल की तरह इस साल भी उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती और युवा नेता आकाश चक्रवर्ती, सुजित चक्रवर्ती द्वारा सुभाष नगर में नासिक से किसान भाइयों के अनाथ बच्चों को राशन की सेवा दी जाती है। गणेश पंडाल में आकर बच्चे भजन कीर्तन भी करते हैं।**

## अंबरनाथ ITI में संविधान मंदिर का उद्घाटन

- उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संविधान मंदिर का किया उद्घाटन

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** भारत के उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के हाथों एल्फिंस्टन तांत्रिक विद्यालय मुंबई में रविवार को संविधान मंदिर का उद्घाटन हुआ. उन्होंने राज्य के 434 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (ITI) और शासकीय तांत्रिक विद्यालय में स्थापित संविधान मंदिर का उद्घाटन आनलाइन तरीके से किया. अंबरनाथ आईटीआई में भी रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने आईटीआई में स्थापित किए गए संविधान मंदिर को देखा और सराहा. उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों, पालकों को संविधान के बारे में जानकारी दी. उस समय प्रमुख अतिथियों आमा अध्यक्ष उमेश तायडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर, एड. दिलीप मेहेर, पत्रकार आदि मान्यवरों का आईटीआई के प्राचार्य महेश जाधव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. संविधान मंदिर उद्घाटन से पूर्व 12 से 14 सितंबर तक संस्था के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विविध स्पर्धा का आयोजन किया गया था. इस स्पर्धा के गुणवंत प्रशिक्षणार्थियों का मान्यवरों के हाथों प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गट निदेशक, जे. एस. भामरे, वी. एल. पाटिल, संस्था के सभी कर्मचारियों ने योगदान दिया. सूत्र संचालन बी. बी. सदानशिव ने किया.



## उमनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 18 सितंबर से आमरण अनशन

- एकमुश्त बकाया रकम देने की मांग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को किश्तों में बकाया रकम देने के बजाय पूरी बकाया राशि एकमुश्त ब्याज सहित मिलनी चाहिए. इस मांग को लेकर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा लिया गया है.

'कायद्याने वागा' के संस्थापक अध्यक्ष राज असरोंडकर के नेतृत्व में होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारी महानगर पालिका मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे. कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन उनके हक का एकमुश्त भुगतान न कर टालमटोल की नीति अपना रहा है.

उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके बकाया पर ब्याज के साथ एकमुश्त राशि दी जानी चाहिए, इसके बावजूद उल्हासनगर मनपा अपने वित्तीय संकट का हवाला देते हुए कर्मचारियों के बकाया का भुगतान किश्तों में कर रहा है. यह समझना मुश्किल है कि महानगर पालिका के पास जीवित कर्मचारियों को उनका बकाया देने के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु के बाद, प्रशासन उनके परिवारों को तुरंत पूरी राशि का भुगतान करने का निर्णय लेता है, जिसे कर्मचारी एक त्रासदी बताते हैं.

कर्मचारियों की ओर से प्रशासन को दिए गए बयान में कहा गया है कि अगर भूख हड़ताल के दौरान किसी कर्मचारी की मौत हो जाती है तो उसके परिवार को ब्याज सहित सभी बकाया राशि का तुरंत भुगतान किया जाए.





आयुक्त विकास ढाकने 9 सितंबर 2024 को हुई चर्चा में कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति जता चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है. कर्मचारियों ने इसे कमिश्नर के साथ अपनी अंतिम वार्ता मानते हुए आंदोलन की अगली रणनीति तय की है।

आंदोलन की तैयारियां तेज हैं और तानाजी पतंगराव, बालासाहेब नेटके, भगवान कुमावत, नंदलाल समतानी समेत कई सेवानिवृत्त कर्मचारी 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने जा रहे हैं.

इस बीच, यदि प्रशासन 20 सितंबर तक कोई ठोस निर्णय नहीं लेता है, तो चेतावनी दी है कि 21 सितंबर से कायद्याने वागा संगठन के प्रमुख राज असरोंडकर और शहर के अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मनपा की आय, सरकार से प्राप्त अनुदान, 2019 से 2024 की अवधि के लिए व्यय और मितव्ययिता उपायों पर विस्तृत जानकारी पर श्वेत पत्र का तत्काल खुलासा करने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि मनपा की वित्तीय स्थिति कितनी गंभीर है, यह प्रशासन के मुंह से सुनने की बजाय हमें विस्तृत आंकड़ों की जरूरत है.

### 3 नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में 75.4 लाख रुपये मूल्य के मेफेड्रोन और कोकीन रखने के आरोप में तीन नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल ने आरोपियों को कोपर खैराने में एक मंदिर के पास से पकड़ा। आरोपियों की पहचान सिल्वासा ननाचोर, इजीके डोनाटस ओगुगुआ और संडे एज़ेओबी के तौर पर की गई है। एएनएस टीम ने 101.52 ग्राम मेफेड्रोन और 201.2 ग्राम कोकीन बरामद किया.

## ज्ञानेश महाराव के बयान के विरोध में प्रदर्शन

**अंबरनाथ.** श्री स्वामी मठ ने वरिष्ठ लेखक ज्ञानेश महाराव के विवादित बयान की निंदा की। हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि वरिष्ठ लेखक महाराव ने नवी मुंबई में संभाजी ब्रिगेड के राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रभु श्रीराम और स्वामी समर्थ को लेकर विवादित बयान दिया. इस मामले में ज्ञानेश महाराव के बयान की प्रदेश भर में कड़ी निंदा हो रही है.

ज्ञानेश महाराव के खिलाफ कोल्हापुर में भी मामला दर्ज किया गया है. अंबरनाथ के स्वामी भक्तों ने शनिवार को अंबरनाथ पूर्व के श्री स्वामी समर्थ चौक पर काली पट्टी बांधी और ज्ञानेश महाराव के बयान का जमकर विरोध किया. इस मौके पर स्वामी समर्थ मानवविकास आध्यात्मिक केंद्र के स्वामी भक्त भाई-बहनों ने एकजुट होकर ज्ञानेश महाराव के बयान का विरोध किया और कड़ी कार्रवाई की मांग की. इसलिए हम इस निराधार बयान की कड़ी निंदा करते हैं, महाराव को राजनीति के स्तर पर राजनीति करनी चाहिए, लेकिन उन्हें अध्यात्म, संप्रदाय पर उंगली उठाने का कोई अधिकार नहीं है, स्वामी समर्थ महाराज हमारे पूजा स्थल हैं, उनके अपमान से हर स्वामी भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची हैं, अब से ऐसा हुआ तो स्वामी भक्त दत्तात्रय केंगरे ने चेतावनी देते हुए कहा कि वे चुप नहीं बैठेंगे. इस अवसर पर अस्मिताई म्हस्के के मार्गदर्शन में रामचन्द्र कदम, हेमन्त गायकवाड, दिनेश नलावडे, योगेश हाटेकर सहित बड़ी संख्या में स्वामी भक्त स्वामी समर्थ चौक पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए उपस्थित थे। इस वक्त पुलिस भी तैनात थी.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## केजरीवाल सरकार के दावे खोखले

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार का यह दावा रहा है कि उसने यहां स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं और आम जनता को इसका बहुत ज्यादा लाभ मिला है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार के दावों के बरक्स जमीन पर हकीकत बहुत अलग है। खासतौर पर दिल्ली के अस्पतालों की हालत यह है कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, उसे अलग-अलग अस्पतालों में भटकना पड़ा और आखिर इसी वजह से उसकी जान चली गई।

गौरतलब है कि दिल्ली के हरिदास नगर इलाके में एक क्लस्टर बस की टक्कर से बुरी तरह घायल एक युवक को लेकर उसके परिजन एम्स के स्वास्थ्य केंद्र, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में भटकते रहे, मगर इलाज नहीं मिल पाया। हार कर उन्होंने युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक तीन घंटे से ज्यादा वक्त गुजर गया था। इस बीच युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि आखिर उसने दम तोड़ दिया। युवक इतनी देर तक बचा रहा तो इससे साफ है कि अगर उसे समय पर उचित इलाज मिल जाता तो वह जिंदा बच जाता। मगर बढ़-चढ़ कर किए जाने वाले दावों की हकीकत यह है कि आपात स्थिति में होने के बावजूद सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका और युवक की जान चली गई।

ऐसा नहीं है कि यह इस तरह का कोई अकेला मामला है। इससे पहले जनवरी और अप्रैल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब आपात अवस्था में अलग-अलग मरीजों को अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ा और इसी क्रम में हुई देरी की वजह से आखिर उसकी मौत हो गई।

कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती, तो कहीं बिस्तर या फिर चिकित्सीय उपकरणों की कमी के दुश्चक्र में फंस कर उसकी जान चली जाती है। इस अफसोसनाक तस्वीर के रहते दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दावों को कैसे देखा जाएगा?

# बदलते और बिगड़ते मौसम के साथ तालमेल जरूरी

भारत में मानसून का समय लगभग समापन के कगार पर है। इस मानसून में कहीं ज्यादा बारिश हुई है, तो कहीं जरूरत से कम। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के ज्यादातर इलाके अपर्याप्त वर्षा से जूझ रहे हैं। पिछले एक दशक में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वर्षा ने बिहार और उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में लगातार गिरावट दिखाई है। बिहार को ही अगर देखें, तो कृषि क्षेत्र के लिहाज से यह काफी अहम राज्य है, जो देश के कृषि उत्पादन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस वर्ष बिहार में अब तक 735.8 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत से काफी कम है। बिहार में वर्षा सामान्यतः 1,200 से 1,300 मिलीलीटर होती है। पिछले एक महीने को देखें, तो हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व दिल्ली में अच्छी बारिश हुई है, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड में 36 प्रतिशत से 52 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। जलवायु वैज्ञानिकों ने ग्लोबल वार्मिंग के चलते चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि की भविष्यवाणी कर रखी है, जिससे लंबे समय तक सूखा पड़ सकता है। साथ ही, कुछ इलाकों में अधिक गंभीर व लगातार बाढ़ आ सकती है। मौसम के पैटर्न में यह अस्थिरता कृषि स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। सूखा और बाढ़, दोनों ही फसलों पर विनाशकारी प्रभाव डाल सकते हैं। ये फसल चक्र को बाधित करेंगे और पौधों की वृद्धि को रोकेंगे। इससे पैदावार कम होगी और खाद्य सुरक्षा नकारात्मक रूप से प्रभावित होगी।

इसके अतिरिक्त, तूफानों की तीव्रता और आवृत्ति में भी वृद्धि होने की आशंका है, जो कृषि पद्धति को और जटिल बना देगा। किसानों को



तैयार रहना चाहिए, खेती की लागत बढ़ सकती है, क्योंकि किसानों को ऐसी चरम स्थितियों से सुरक्षात्मक उपाय में निवेश के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जाहिर है, इससे न केवल उत्पादन लागत बढ़ेगी, बल्कि कई लोगों के लिए खेती-किसानी को यह और अनिश्चित व्यवसाय बना देगा, खासकर छोटे किसानों को खर्चे निकालने के लिए बहुत जूझना पड़ेगा।

जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा और वर्षा के पैटर्न बदलेंगे, कुछ फसलें जो अभी विशिष्ट क्षेत्रों में होती हैं, वे भविष्य में व्यावहारिक नहीं रह जाएंगी। यह बदलाव किसानों को उन फसलों को छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता है, जिन्हें वे पीढ़ियों से उगाते आ रहे हैं। किसानों को अब अपरिचित, किंतु फायदेमंद फसलों की ओर आना ही पड़ेगा। वार्षिक फसलों को बदलना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है, पर यह बदलाव तब अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जब फलों की पैदावार की बात आती है। मौसम चक्र जब बदल रहा है, तो कीट प्रजातियों को भी बढ़ावा मिलने की आशंका है। ऐसे में, रासायनिक कीटनाशकों पर अधिक निर्भर होने की विवशता पैदा होगी। अनाज और फलों को गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए जूझना पड़ेगा। साथ ही, खाद्य वस्तुओं की कीमतों को वाजिब रखने में भी समस्या बढ़ती जाएगी।

अनिश्चित या बदलते मौसम के अनुरूप अब किसानों को जल प्रबंधन तकनीक का ज्ञान होना जरूरी है। कम वर्षा या अत्यधिक वर्षा की स्थिति में फसलों को बचाने और बढ़ाने के लिए प्रभावी जल प्रबंधन महत्वपूर्ण है। ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, वर्षा जल संचयन सीखना अब बहुत जरूरी है। कहीं पर सूखा प्रतिरोधी और कहीं बाढ़ प्रतिरोधी कौशल प्रशिक्षण की जरूरत पड़ेगी।

फसलों पर असर पड़ रहा है, जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। जैसे, अभी तक मैंने केले में अत्यधिक ठंड की वजह से गुच्छे को आभासी तने से ठीक से बाहर निकलते नहीं देखा था, लेकिन इस बार अत्यधिक गर्मी या सूखे की वजह से गुच्छे आभासी तने से ठीक से बाहर नहीं आ पा रहे। केला उत्पादक किसान पहली बार इस तरह की समस्या को झेल रहे हैं। इस समस्या को 'थ्रोट चॉकिंग' कहते हैं। ऐसी न जाने कितनी समस्याओं से किसानों व वैज्ञानिकों को जूझना पड़ेगा।

बदलते दौर में किसानों को प्रशिक्षित करना सबसे जरूरी हो गया है। टिकाऊ खरीफ फसल किस्में : ज्वार, बाजरा के साथ ही दूसरे मोटे अनाजों पर भी काम करना जरूरी है। अरहर जैसी खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों का चयन जरूरी है। बदलते मौसम या मौसम चक्र से घबराने की नहीं, बल्कि अपने आप को चुनौतियों के लिए तैयार रखने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।




# सरकार ने ली बुजुर्गों की सुध

देश की आबादी में एक खासा हिस्सा उन लोगों का है, जो अपनी उम्र के साठ वर्ष पूरे कर चुके हैं। सामान्य जीवन और प्राकृतिक संरचना के मुताबिक भी इस उम्र में व्यक्ति का शरीर आमतौर पर कमजोर होता जाता है और कई बार बीमारियों से भी घिर जाता है। ऐसे मामले अक्सर देखे जाते रहे हैं, जिसमें किसी बुजुर्ग सदस्य को बीमारी में उचित इलाज सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाता कि उनके पास चिकित्सक से परामर्श लेने और उपचार के लिए जरूरी खर्च का पैसा नहीं होता।

ऐसे में या तो उन्हें आसपास से ऋण लेकर अपना उपचार कराना पड़ता है या फिर उचित इलाज के बिना उनकी सेहत और खराब होती चली जाती है। इस लिहाज से देखें तो केंद्र सरकार ने जिस तरह आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए सत्तर वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को भी पांच लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने को मंजूरी है, वह एक दूरगामी महत्त्व का फैसला है। सरकार के इस फैसले के धरातल पर उतरने के बाद देश के छह करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ मिल सकेगा।

यह छिपा नहीं है कि हमारे यहां बुजुर्गों की आबादी के सामने अपने जीवन और स्वास्थ्य को लेकर कैसी चुनौतियां रही हैं। यह भी जगजाहिर है कि



उम्र बढ़ने के साथ और खासतौर साठ वर्ष या इससे ज्यादा की आयु में पहुंचने के बाद ज्यादातर बुजुर्ग स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की चुनौतियों से जूझते रहते हैं। मगर उनके जीवन का यही वह दौर है, जिसमें उनकी नियमित आय का जरिया अमूमन बंद हो चुका होता है। खासतौर पर जिन लोगों के पास संगठित क्षेत्र में काम करने की सुविधा नहीं रही होती है, उसमें भी संतोषजनक राशि की पेंशन नहीं होती है। इसलिए आमतौर पर अपने न्यूनतम जरूरतों के खर्च के लिए भी वे अपने परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर होते हैं। ऐसे मामले छिपे नहीं हैं, जिनमें बीमार होने की स्थिति में किसी बुजुर्ग के साथ उनके परिजन अच्छा व्यवहार नहीं करते या कई बार उन्हें बोझ मानने लगते हैं और उनकी उपेक्षा करते हैं। ऐसे में इस बात की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी कि देश की बुजुर्ग आबादी की सेहत पर ध्यान देने के लिए सरकार अपनी ओर से कोई ठोस पहल करे।

कुछ समय पहले आए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि शहरी इलाकों में रहने वाले लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और अन्य तरह की चुनौतियों की वजह से जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है, जहां बासठ फीसद बुजुर्गों के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी होती हैं, जिनकी वजह से उन्हें बीमारी की स्थिति में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में यह एक दुखद सामाजिक हकीकत है कि कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में केंद्र सरकार ने जिस आयुष्मान भारत योजना के दायरे में सत्तर वर्ष या इससे ज्यादा के बुजुर्गों को भी लाने की घोषणा की है, उसके बाद न केवल सहायता का एक रास्ता तैयार होगा, बल्कि बुजुर्गों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में भी बदलाव आने की उम्मीद पैदा होगी। कहा जा सकता है कि जीवन के जिस दौर में व्यक्ति को सबसे ज्यादा चिंता अपने स्वास्थ्य खर्च को लेकर होती है, उसे दूर करने की दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लिया है।

# 'गांव के आदमी से शादी करो, सरकार देगी 3 लाख'

शादी-ब्याह का मामला इतना अलग होता है कि अब तो माता-पिता भी इसे लेकर बच्चों को सलाह कम ही देते हैं. ऐसे में सोचिए क्या किसी देश की सरकार को ये अधिकार है कि वो लड़कियों को पैसों का लालच देकर उनकी शादी करवाए. आपने शायद ही कभी इस तरह का ऑफर सुना होगा. हालांकि एक एशियन देश में ही लड़कियों को सरकार की ओर से गांव के मर्दों से शादी करने पर पैसे देने की स्कीम जारी की गई. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जापान की सरकार ने शादियों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की

**जरा हट के**

स्कीम लाई थी, जिसकी वजह से उन्हें विपक्ष का घोर विरोध झेलना पड़ गया.

जापान की सरकार ने जो प्लान तैयार किया था, उसके मुताबिक लड़कियों को प्रोत्साहित किया जा रहा था कि वे 600,000 yen यानि 3 लाख 52 हज़ार रुपये ले लें



और गांव के लड़के से शादी कर लें. चूंकि जापान में गांव से होने वाले पलायन की वजह से कई जगहों पर पूरा का पूरा इलाका ही खाली हो चुका है. ऐसे में सरकार ने उन लड़कियों को इंसेंटिव ऑफर किया था, जो टोक्यो छोड़कर ग्रामीण इलाके में शादी करके जाएंगी. इसके लिए टोक्यो की 23 नगर परिषद में आने वाली लड़कियां योग्य मानी गई थीं. सरकार लड़कियों के आने-जाने और उनके मैचमेकिंग ईवेंट तक का खर्चा उठाने को तैयार थी.

### वापस लेनी पड़ गई स्कीम

इस स्कीम को लेकर विपक्ष और सोशल मीडिया पर भी लोगों का काफी विरोध देखने को मिला. इसकी वजह से सरकार को अपनी स्कीम वापस लेनी पड़ गई. वैसे आपको बता दें कि चीन में इस तरह की स्कीम काफी सामान्य हैं. मार्च में यहां के गुआंगडॉन्ग प्रांत में लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने पर पैसे ऑफर किए गए थे. यहां तक कि 25 साल या उससे यंग लड़कियों के शादी करने और बच्चे को जन्म देने पर भी पैसे ऑफर किए जा रहे थे. चूंकि जापान में जन्म दर घट रही है और आबादी बूढ़ी हो रही है, ऐसे में सरकार ऐसी स्कीम्स के ज़रिये पॉपुलेशन को प्रमोट करना चाहती है.

■ यहां देखें वेट लॉस की आसान और मजेदार ट्रिक

# मोटापा कम करने में मदद करेगा आपका स्मार्ट फोन

आजकल के बदलते लाइफस्टाइल की वजह से मोटापे की समस्या काफी बढ़ गई है। वो चाहे एक जगह घंटो बैठे रहने का नतीजा हो या फिर अनहेल्दी जंक फूड को अपनी डाइट का मुख्य हिस्सा बना लेने का। ये सभी कारण कहीं ना कहीं मोटापे की बढ़ती समस्या के जिम्मेदार हैं। जितनी तेजी से ये मोटापा बढ़ता है, इसे कम करना उतना ही मुश्किल है। लोग घाटों जिम और पार्कों में कसरत करते हैं, काफी तरह की डाइट फॉलो करते हैं। लेकिन बावजूद इसके भी कहीं ना कहीं सही डिसिप्लिन ना बन पाने की वजह से वजन ज्यों का त्यों बना रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपने स्मार्ट फोन की मदद से भी आप अपने वजन को कम कर सकते हैं। जी हां, घंटो आपके हाथों में रहने वाला स्मार्ट फोन आपको फिट बनाने में भी काफी मददगार साबित हो सकता है। तो चलिए आज इसी मजेदार तरीके के बारे में जानते हैं।



### ■ फिटनेस ट्रैकिंग एप्स करें इंस्टॉल

इंटरनेट पर कई फिटनेस ट्रैकिंग एप्स मौजूद है। आप इन्हें अपने स्मार्टफोन पर इंस्टॉल कर सकते हैं। ये फिटनेस ट्रैकिंग ऐप्स आपकी डेली एक्टिविटीज को ट्रैक करते हैं, इसके साथ ही आपको वर्कआउट के लिए और फिटनेस के लिए मोटिवेट भी करते हैं। इन ऐप्स की मदद से आप बिना भटके, अपने फिटनेस पर कंसंट्रेशन रख सकेंगे।

### ■ स्टेप ट्रैकिंग से रहें एक्टिव

स्मार्टफोन में पैडोमीटर का सपोर्ट होता है, जो डेली आपके द्वारा चले गए स्टेप्स को ट्रैक कर सकता है। इसके अलावा आप पेडोमीटर एप को भी अपने फोन में इंस्टॉल कर सकते हैं। अपने बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए आप खुद के लिए कुछ स्टेप्स डिसाइड कर सकते है और पैडोमीटर का इस्तेमाल करते हुए इसे ट्रैक कर सकते हैं। इससे आपको अपनी डेली एक्टिवनेस का ट्रैक रखने में मदद मिलेगी।

### ■ वर्कआउट वीडियो भी हैं काफी हेल्पफुल

बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए आपको किसी महंगी वर्कआउट क्लास को ज्वाइन करने की भी जरूरत नहीं, क्योंकि आपका फोन ही आपके लिए एक से बढ़कर एक ट्रेनर के वर्कआउट विडियोज दिखाकर हेल्प कर सकता है। आप अपने मोबाइल फोन पर ही वर्कआउट वीडियो देखकर आसानी से फॉलो कर सकते हैं। यूट्यूब के साथ-साथ कई ऐसे मोबाइल प्लेटफार्म मौजूद हैं



जिन पर आपको ये वर्कआउट विडियोज ईजली अवेलेबल हो जाएंगे।

### ■ हेल्थ मॉनिटरिंग से मिलेगी मदद

स्मार्टफोन की मदद से हेल्थ को भी मॉनिटर किया जा सकता है। हार्टबीट, पल्स रेट, स्लीप पैटर्न आदि को मॉनिटर करने के लिए आप स्मार्टफोन की मदद ले सकते हैं। अपने फिटनेस रूटीन को ऑप्टिमाइज करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही आप वर्चुअल फिटनेस चैलेंज और ऐप्स को ज्वाइन कर सकते हैं। जिनके जरिए आप वेट लॉस जर्नी में अपनी डाइट की प्लानिंग को स्मार्टली कर सकते हैं।

# नींबू का अचार

खाना-खजाना

नींबू का अचार तेल के बगैर बनाया जाता है इसलिए ये सेहतमंद भी होता है। लेकिन अगर आप खट्टे नींबू का मीठा अचार खाना चाहते हैं तो हर बार बाजार से खरीदकर लाने की जरूरत नही है। घर में ही बाजार जैसा मीठा नींबू का अचार फटाफट बनकर तैयार हो सकता है। जिसे आप मात्र दो दिन में खाने लायक बना सकते हैं। तो चलिए जानें कैसे बनाएं इंस्टेंट मीठा नींबू का अचार।

**सामग्री :**

- डेढ़ चम्मच नमक
- एक चम्मच काला नमक
- आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- एक चम्मच काली मिर्च का पाउडर
- एक चौथाई चम्मच अजवाइन
- एक चम्मच सौंफ
- एक चम्मच हींग
- एक चम्मच मेथी

**बनाने की रेसिपी**

सबसे पहले नींबूओं को अच्छी तरह से धोकर पोंछ लें। जिससे सारी गंदगी साफ हो जाए। अब



प्रेशर कूकर में आधा कप पानी डालें और नींबू को डालकर एक सीटी तक पकाएं. सीटी आने के बाद गैस की फ्लेम बंद कर दें और इन नींबूओं को बाहर निकाल लें। प्लेट में इन नींबू के बीजों को निकाल दें और लेकिन ध्यान रहे कि जूस को नहीं फेंकना है। अब किसी पैन में सौंफ और मेथी को भूनें। साथ में हींग और अजवाइन भी डाल दें। इन चारों चीज का पाउडर बना लें और नींबूओं के ऊपर डाल दें। साथ में काला नमक, सफेद नमक, काली मिर्च और लाल मिर्च डालें। प्रेशर कूकर में एक बार फिर मसाले में लिपटे नींबूओं को डालें। साथ में चीनी और सारा नींबू का रस डालकर एक सीटी आने तक पकाएं। अब इसे पूरी तरह से ठंडा हो जाने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो किसी कांच के स्टेयरलाइज जार में भरकर रख लें। बस तैयार है इंस्टेंट नींबू का अचार।

## आज का राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित धनलाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ :** अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी। अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**मिथुन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क :** आज रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। आर्थिक तंगी रहेगी।

**सिंह :** धन निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या :** आज दूसरों पर अधिक विश्वास धनहानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें। चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी।

**तुला :** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरीपेशा वर्ग को कार्यस्थल पर अच्छा लाभ और सम्मान मिलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**वृश्चिक :** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** आज प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मकर :** आज कार्यस्थल पर मेहनत अधिक करनी होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। बाहरी विवाद से बचें।

**कुंभ :** आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मीन :** आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बादाम से चेहरे पर आएगी रौनक



बादाम गुणों की खान रहता है। इसे खाने से कई तरह के माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। सोचिए जरा कि इसे चेहरे पर लगाने से स्किन पर कितना असर होगा। वैसे को बादाम का तेल चेहरे पर मसाज करने की सलाह दी जाती है। लेकिन अगर आपके पास बादाम का तेल नहीं है तो बादाम को भी फेसपैक में मिलाकर लगाया जा सकता है। मात्र एक बादाम से भी आसानी से फेस पैक बन जाएगा जो चेहरे पर ग्लो देने के साथ ही स्किन पर दिख रहे फाइन लाइंस और रिंकल को भी दूर करता है। दरअसल, बादाम स्किन के एजिंग प्रोसेस को रोकता है जिससे स्किन को यंग दिखने में मदद मिलती है। जानें ऑयली और ड्राई स्किन पर कैसे लगा सकते हैं बादाम।

### ■ ऑयली स्किन के लिए बादाम का कैसे करें इस्तेमाल

ऑयली स्किन है तो भी बादाम के तेल से बना फेस पैक चेहरे पर लगाएं। फेस पैक बनाने के लिए मात्र एक से दो बादाम को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह इस बादाम को पीसकर पेस्ट बना लें। दही में बादाम के पेस्ट को मिलाकर फेस पैक बनाएं और चेहरे पर लगाएं।

### ■ दही बादाम फेस पैक लगाने का फायदा

ऑयली स्किन पर पिंपल और एक्ने जल्दी निकलते हैं और चेहरा डल दिखता है। दही के साथ मिलाकर बादाम लगाने से ना केवल पिंपल का निकलना कम होता है बल्कि चिपचिपा दिखने वाला चेहरा भी खिला-खिला और फ्रेश नजर आने लगता है।

### ■ ड्राई स्किन के लिए बादाम है वरदान

ड्राई स्किन बहुत जल्दी ही रिंकल और फाइन लाइन की शिकार हो जाती है। ऐसे में बादाम का फेस पैक स्किन को ग्लोइंग और यंग बनाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए भीगे बादाम को ओट्स और दूध में मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। हल्के हाथों से मसाज करें और चेहरा साफ करें। इससे डेड स्किन रिमूव होती है और स्किन को नेचुरल मॉइश्चर मिलता है।

# मंकी पॉक्स ने बढ़ाई टेंशन



मंकीपॉक्स एमपॉक्स वायरस से होने वाली बीमारी है। इसका एक मामला भारत में मिलने के बाद से सभी की चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि कम इम्यूनिटी वाले लोगों को एमपॉक्स के गंभीर लक्षणों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको अपनी इम्यूनिटी को स्ट्रॉन्ग करना चाहिए। यहां जानिए कैसे बढ़ाएं इम्यूनिटी पावर

### ■ स्ट्रेस करें कंट्रोल

बहुत ज्यादा तनाव से आपके इम्यून सिस्टम पर असर हो सकता है। ऐसे में अपने आप स्ट्रेस को कंट्रोल करने की कोशिश करें। इसके लिए गहरी सांस लें, ध्यान लगाएं, प्रार्थना या एक्सरसाइज करने की कोशिश करें।

### ■ विटामिन और सप्लीमेंट लें

ज्यादातर लोगों के शरीर में विटामिन डी और बी 12 की कमी होती है। ऐसे में अपने इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए विटामिन सी, विटामिन डी, विटामिन ई, जिंक और मैग्नीशियम जैसे सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर लें। इससे इम्यून सिस्टम बूस्ट करने में मदद मिल सकती है।

### ■ नींद पर दें ध्यान

अच्छी हेल्थ और स्ट्रॉन्ग इम्यूनिटी के लिए रोजाना रात कम से कम 7 घंटे की नींद लें। नींद इम्यून फंक्शन के लिए जरूरी है।

### ■ अच्छा खाना खाएं

फ्रेश फल और सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे, बीज, बींस और दालें खाना सेहत के लिए सबसे अच्छा है। ये खाने की चीजें आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद करती हैं।

### ■ रोजाना एक्सरसाइज करें

रोजाना एक्सरसाइज करने से आपका इम्यून सिस्टम बेहतर तरीके से काम करता है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव होते हैं तो आप जल्दी बीमारी की चपेट में नहीं आते हैं।

### ■ हर्बल ड्रिंक होती है अच्छी

हर्बल ड्रिंक सर्दी, खांसी और वायरल इंफेक्शन से लड़ने के लिए इम्यूनिटी को बढ़ावा देता है। काढ़ा कॉमन सर्दी, गले में खराश, खांसी, बहती नाक, बुखार के इलाज के लिए एक अच्छा उपाय माना जाता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### 9 साल की सजा काटकर रिहा हुआ था युवक, घर लौटते वक्त दुर्घटना में बाप-बेटी की मौत

यूपी के कन्नौज से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शख्स गुरुवार शाम को 9 साल बाद जेल से छूटने के बाद बीवी और बेटी के साथ घर के लिए ऑटो में सवार होकर इटावा से निकला था। इस दौरान आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रास्ते में बेकाबू फार्च्यूनर कार ने तालग्राम थाना क्षेत्र में ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी थी। इस हादसे में आटो सवार बाप-बेटी की मौके पर ही जान चली गई थी। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। युवक 9 साल तक जेल में बंद रहा। कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के पड्डवनपुर्वा निवासी विजय कुमार 55 वर्ष हत्या के एक मामले में साल 2016 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। भाई रामबाबू ने बताया कि हाल ही में हाइकोर्ट से अपील पर उसे जमानत मिली थी और करीब नौ साल बाद वह जेल से बाहर आया था।

### एक मौत के बाद स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, बताए बचाव के तरीके

**प्रयागराज.** डेंगू, मलेरिया के प्रकोप के साथ ही प्रयागराज में स्वाइन फ्लू के संक्रमण ने दस्तक दे दी है। गुरुग्राम के मेदांता में स्वाइन फ्लू से पीड़ित शहर की 70 वर्षीय महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हालांकि महिला की मौत की अधिकारिक सूचना अभी स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। पता चला है कि महिला मुट्ठीगंज की रहने वाली थी, जिसे हाईपर टेंशन, वीपी, शुगर की समस्या भी थी। विभाग ने तय किया है कि यदि स्वाइन फ्लू से प्रभावित कोई व्यक्ति मिलता है तो उसकी समुचित जांच के साथ और उचित उपचार की व्यवस्था की जाएगी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. वरुण क्वात्रा ने बताया कि शहर के किसी मोहल्ले में यदि स्वाइन फ्लू का कोई संदिग्ध मरीज मिलता है तो उसे होम आइसोलेट करके इलाज किया जाएगा। स्वाइन फ्लू की पुष्टि के लिए सैंपल लखनऊ भेजा जाएगा। एसआरएन, बेली और कॉल्विन अस्पताल में संक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं।

### यूपी पुलिस इंस्पेक्टर की चलती बस में सोते-सोते मौत, लखनऊ से आ रहे थे प्रयागराज

**लखनऊ.** लखनऊ के पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा की बस में यात्रा के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह लखनऊ से बस से प्रयागराज आ रहे थे। घटना की जानकारी होते ही परिजनों और पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। प्रथम दृष्टया हृदयघात से मौत की आशंका है। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की तफ्तीश में जुटी है। परिजनों को मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस इंस्पेक्टर की वर्ष 2013 बैच के इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा (32) का हाल ही में लखनऊ तबादला हुआ था। इसके पहले वे प्रयागराज क्राइम ब्रांच के अलावा खुल्दाबाद और करेली थाना प्रभारी थे। उनकी पत्नी और दो बेटे खुल्दाबाद में ही रहते हैं। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा शनिवार की रात लखनऊ से प्रयागराज के लिए बस में सवार हुए थे।

# केजरीवाल ने चला इस्तीफे का दांव!

- **क्या दिल्ली में हो सकता है जल्दी चुनाव?**

मुंबई. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। कथित शराब घोटाले में महीनों तक जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत लेकर निकले केजरीवाल ने अपने दांव से सबको चौंका दिया है। अपने पद पर बने रहने को अड़े रहे केजरीवाल ने रविवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि केजरीवाल ने अचानक इस्तीफे का दांव क्यों चल दिया और क्या दिल्ली में जल्दी चुनाव हो सकता है।



#### जल्दी चुनाव चाहते हैं केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा है कि शराब घोटाले के केस का कोर्ट फैसला होने में तो 10 साल भी लग जाएंगे लेकिन वह इससे पहले जनता का फैसला चाहते हैं। वह तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें निर्दोष नहीं बताती और इसके लिए वह चुनाव में जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का चुनाव फरवरी में होना है, लेकिन मैं इसे नवंबर में ही कराए जाने की मांग करता हूं।

केजरीवाल ने मांग की है कि महाराष्ट्र के साथ दिल्ली में भी चुनाव करा दिए जाएं। उन्होंने फरवरी के बजाए नवंबर में ही चुनाव की मांग की है। हालांकि, उन्होंने विधानसभा को भंग किए जाने का ऐलान नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि विधायक दल की बैठक में नए सीएम का चुनाव किया जाएगा। जानकारों का मानना है कि यदि विधानसभा को समय पूर्व भंग नहीं किया जाता है और सरकार चल रही है तो चुनाव आयोग के पास जल्दी चुनाव कराने का विकल्प नहीं है। यदि केजरीवाल जल्दी चुनाव चाहते हैं तो उन्हें विधानसभा को भंग करने की सिफारिश करनी चाहिए।

#### जल्दी चुनाव ना होने की दूसरी वजह

दिल्ली में नवंबर में चुनाव इसलिए भी संभव नहीं है क्योंकि चुनाव से पहले काफी तैयारियों की आवश्यकता होती है और इसमें एक निश्चित समय लगता है। दिल्ली में वोटर लिस्ट को अपडेट करने का काम भी होना अभी बाकी है। पिछले दिनों भारत के चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण आयोजित करके एनसीटी दिल्ली की मतदाता सूची को 1 जनवरी, 2025 के संदर्भ में अपडेट किया जाए। सीईओ दिल्ली के अनुसार एकीकृत नामावली का प्रकाशन 29 को किया जाएगा। इसके संबंध में दावे एवं आपत्तियां 28 नवंबर तक प्राप्त की जाएंगी, जिनका निस्तारण 24 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन की तिथि 6 जनवरी 2025 है।

# गडकरी बोले- विपक्षी नेता ने कहा था PM बनिए, समर्थन देंगे, मैंने ऑफर ठुकराया

- **संजय राउत ने कहा- देश में तानाशाही, इसमें गलत क्या है**

**मुंबई.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को बताया कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है।

नागपुर में एक पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा- 'मुझे एक घटना याद है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप



प्रधानमंत्री बनते हैं, तो हम समर्थन करेंगे।'

गडकरी ने आगे कहा- 'मैंने उनसे पूछा कि आप मेरा समर्थन क्यों करेंगे और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? पीएम बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं। मैं अपनी मान्यता और संगठन के प्रति वफादार हूं। मैं किसी भी पद के लिए समझौता नहीं करूंगा। मेरा निश्चय मेरे लिए सबसे अहम है।'

#### गडकरी बोले- लोकतंत्र के चारों स्तंभ के लिए नैतिकता का पालन करना जरूरी

अपने भाषण में गडकरी ने राजनीति और पत्रकारिता दोनों में नैतिकता की अहमियत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से विरोध करने वाले व्यक्ति का सम्मान किया जाना चाहिए। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया जैसे चारों स्तंभ नैतिकता का पालन करें।

> नितिन गडकरी भाजपा के सर्वमान्य नेता है। अगर विपक्ष के किसी बड़े नेता ने उनसे ऐसा कहा होगा तो मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। जगजीवन राम ने 1977 में कांग्रेस से बगावत की थी। इसके बाद इंदिरा गांधी हार गई थीं। इस देश में अगर स्वतंत्र, लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखना है तो सत्ता में रहते हुए कुछ लोगो को त्याग करना पड़ता है।
>
> **-संजय राउत**
> शिवसेना (UBT) सांसद

# 3 मंजिला मकान गिरा, परिवार के 10 की मौत

- **मेरठ में 16 घंटे से रेस्क्यू, स्निफर डॉग से तलाश**
- **मृतकों में 6 बच्चे भी**

**मेरठ.** यूपी के मेरठ में शनिवार शाम हुए हादसे में अब तक 10 की मौत हो गई। मरने वालों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। 5 लोगों को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल भेजा गया है।

16 घंटे से लगातार रेस्क्यू जारी है। अभी मलबे में किसी के दबे होने की जानकारी नहीं है, लेकिन SDRF और NDRF की टीम ऑपरेशन में लगी है।

टीम स्निफर डॉग्स की मदद से मलबे को हटाकर देख रही है कि कोई और तो नहीं दबा है। हादसा शनिवार शाम 5.15 बजे लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में हुआ था। 3 मंजिला घर ढह गया था। इसमें एक ही परिवार के 15 लोग दब गए थे।

शुरुआती जांच में सामने आया कि तीन मंजिला बिल्डिंग 50 साल पुरानी थी। सिंगल पिलर पर खड़ी थी। पिलर कमजोर होने की वजह से हादसा हुआ। ADG डीके ठाकुर ने बताया- घर में 63 साल की नफीसा अपने 4 बेटों के परिवार के साथ रहती थीं। ग्राउंड फ्लोर पर डेयरी चलती थी, इसलिए कई भैंसें भी मलबे में दब गईं।

# डीजे बजा तो नहीं होने देंगे शादी

- **मौलाना महमूद मदनी ने बताया गरीबों का मजाक**

**नई दिल्ली.** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने मुसलमानों की शादी को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि जिस शादी में डीजे होगा और जरूरत से ज्यादा खर्च किया जाएगा, उस शादी को हम होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कानून बनाना चाहिए क्योंकि इतनी धूमधाम से शादियां गरीबों का मजाक बनाती हैं।

'आप की अदालत' कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम यह फैसला कर रहे हैं कि



जिस शादी में जरूरत से ज्यादा खर्च किया जाएगा और रौशनी की जाएगी। जिस शादी में पर्यावरण का ध्यान नहीं रखा जाएगा। जिस शादी में गरीब की गुरबत का मजाक उड़ाया जाएगा। उस शादी को हम होने नहीं देंगे। गरीब को पीने का ठीक-ठाक पानी नहीं मिल रहा है और आप शादी में इतना खर्च करते हैं। आप कैसा मुल्क बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह समाज का मामला है। हमें आपको और पूरे समाज को मिलकर यह काम करना चाहिए। समाज को गलत रास्ते पर नहीं जाने देना चाहिए। सब लोगों को ठीक से बैठकर चिंता करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में महमूद मदनी ने गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुखतार गरीबों के मसीहा थे। मदनी ने कहा, आप जाकर पता कर लीजिए। उनके साथ बड़ी संख्या में गैरमुस्लिम थे। वह गरीबों का आदमी था। मौलाना मदनीने कहा कि कि किसी के जो भी अच्छे काम हैं उनके बारे में कहना ही पड़ेगा।

### अजीत रानाडे को कुलपति पद से हटाया गया

**पुणे.** मशहूर अर्थशास्त्री डॉ. अजीत रानाडे को शनिवार को पुणे के गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स (जीआईपीई) के कुलपति पद से हटा दिया गया। संस्थान के अनुसार रानाडे की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानदंडों का उल्लंघन करती है। प्रतिष्ठित संस्थान ने रानाडे की नियुक्ति पर सवाल उठने के बाद इस मुद्दे की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी। संस्थान द्वारा रानाडे को लिखे गए पत्र में कहा गया कि कमेटी की राय है कि उनकी उम्मीदवारी यूजीसी के दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नहीं है, इसलिए उन्हें पद से हटाया जा रहा है।



# 'महाराष्ट्र में सत्ता बदली तो नीतीश-नायडू छोड़ देंगे PM मोदी का साथ'

## पृथ्वीराज चव्हाण का बड़ा दावा

**मुंबई.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने यह दावा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में परिवर्तन देखेगा. इसका असर केंद्र में बीजेपी नीत सरकार की स्थिरता पर भी पड़ेगा. गोंदिया में एक सभा के दौरान उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सत्ता बदली तो चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार पीएम नरेंद्र मोदी का साथ छोड़ देंगे.

#### 13 महीने की वाजपेयी सरकार का किया जिक्र

अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ₹मुझे विश्वास है कि पूरा विदर्भ महाविकास अघाड़ी को बहुमत दिए बिना नहीं रहेगा. महाराष्ट्र में अगर सत्ता बदली और हरियाणा में तो बदलने ही वाली है तो दिल्ली की सत्ता भी बहुत दिन तक नहीं रह पाएगी. मोदी सरकार की कुर्सी हिलने लगी है. एक बार यह चुनाव हो गया तो उसके बाद नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू उन्हें छोड़ देंगे. अटल बिहारी वाजपेई के 13 महीने के कार्यकाल की तरह ही पुनरावृति होगी. पृथ्वीराज चव्हाण ने महाविकास अघाड़ी में सीएम चेहरे को लेकर उपजे तनाव पर कहा कि अब तक यह फॉर्मूला रहा है कि जिसके पास ज्यादा सीट होगी उसको पद मिलेगा. हरियाणा में अगले महीने की 5 तारीख को चुनाव है तो महाराष्ट्र में इसकी घोषणा नहीं हुई है. उधर, पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया कि हरियाणा और महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन का सीधा असर नरेंद्र मोदी की गठबंधन सरकार पर होगा जो कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन पर आधारित है. दोनों ही राज्यों में बदलाव होगा. बीजेपी सत्ता से बाहर होगी.

वहीं, महाराष्ट्र की राजनीतिक स्थिति पर पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र ने कभी भी उस तरह की विभाजित राजनीति नहीं देखी है जो अब हो रही है. उन्होंने कहा कि लोकसभा में महाविकास अघाड़ी ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 65 प्रतिशत सीटें जीती हैं.

# भारत ने तैयार किया खास सोलर विमान, बॉर्डर की निगरानी होगी आसान

**नई दिल्ली.** भारत में वैज्ञानिक एक ऐसा सोलर विमान तैयार कर रहे हैं जो बेहद क्रांतिकारी साबित होगा। यह प्लेन एक बार में 90 दिनों की उड़ान भरने में सक्षम होगा। इसका एक छोटा वर्जन तैयार किया जा चुका है, जिसने सफलतापूर्व 10 घंटे की उड़ान भरी है। इस प्लेन को हाई एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म (एचएपी) नाम दिया गया है। इसको बेंगलुरु स्थित नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज (एनएएल) में तैयार किया जा रहा है। यह प्लेन सौर ऊर्जा से चलेगा और इसमें कोई पायलट नहीं होगा। ऑटोमैटिक मोड पर यह 17 से 20 किमी की ऊंचाई पर दिन-रात लगातार उड़ान भरता रहे। इसको छद्म सैटेलाइट भी कहा जा रहा है। एचएपीएस का इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यह दुश्मन के क्षेत्र पर नजर रखने में मददगार होगा।

बेंगलुरु में स्थित एक स्टार्टअप न्यू स्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज ने इसका एक प्रोटोटाइप भी डेवलप किया है। यह प्रोटोटाइप 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम होगा। एनएएल के मुताबिक युद्ध के समय एचएपीएस सेनाओं के मूवमेंट को मॉनीटर कर सकता है। यह रणनीतिक रूप से तो मददगार होगा ही, साथ ही साथ इंटेलीजेंस और सर्विलांस में भी काफी अहम भूमिका निभा सकता है। एचएपीएस जंग के समय संचार में भी मदद पहुंचा सकता है। इसी तरह एयर डिफेंस सर्विसेज इस विमान



को किसी बड़े ऑपरेशन के दौरान निर्देश देने में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यह लगातार दुश्मन के इलाके पर नजर रख सकता है। एक बार सही तरीके के सेंसर्स से लैस होने के बाद, चाहे दिन हो या रात, यह आसमान में एक खास चिड़िया के जैसा होगा। एक ऐसी चिड़िया, जो बॉर्डर पर हमारे पड़ोसी देशों की हर हरकत पर रख सकेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनिया में चालू हालत में अभी एकमात्र एचएपीएस है। यह है एयरबस जेफायर, जो अमेरिका के एरिजोना रेगिस्तान में लगातार 64 दिन की उड़ान भर चुका है। दुनिया भर में इस तरह का प्लेन बनाने की कोशिशें चल रही हैं। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड तक इस कोशिश में लगे हुए हैं। एनडीटीवी के मुताबिक एचएपीएस प्रोग्राम के प्रमुख डॉक्टर एल वेंकटकृष्णन ने बताया कि यह आसमान में सोलर पॉवर से लैस आंख है। यह सैटेलाइट से बहुत सस्ती है, बेहतर है और कई हफ्तों तक हवा में टिकी रह सकती है।

# हरियाणा में किसान महापंचायत सीमेंट बैरिकेडिंग से पंजाब बॉर्डर सील

- **पुलिस बोली- परमिशन नहीं ली**
- **कोहाड़ बोले- BJP को सबक सिखाएंगे, यही हमारा एजेंडा**

**जिंद.** हरियाणा के जींद में किसान संगठनों ने किसान-मजदूर महापंचायत बुलाई है। महापंचायत उचाना की अतिरिक्त नई अनाज मंडी में हो रही है। संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के नेता अभिमन्यु कोहाड़ महापंचायत की अध्यक्षता कर रहे हैं। पंजाब से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पहुंचे हैं। अनाज मंडी में पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

इससे पहले, शनिवार-रविवार रात पुलिस ने पंजाब-हरियाणा बॉर्डर को 2 जगह पर कैथल में गुहला चीका और संगतपुरा के पास सीमेंट की बैरिकेडिंग लगाकर पूरी तरह बंद कर दिया है।

अभिमन्यु कोहाड़ ने दावा किया है कि हमें पंचायत के लिए अनुमति लेने की जरूरत नहीं। आचार संहिता किसानों पर लागू नहीं होती, यह नियम सिर्फ नेताओं के लिए है। भाजपा को सबक कैसे सिखाया जाए, यह आज की पंचायत का एजेंडा है।

उचाना थाना SHO पवन कुमार ने बताया कि महापंचायत को लेकर किसानों की तरफ से परमिशन नहीं ली गई है, इसलिए चीका में अधिकारियों के आदेश पर बॉर्डर बंद किया गया है।

# रोनाल्डो के सोशल मीडिया पर 100 करोड़ फॉलोअर्स

- **यह आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति**
- **अकेले इंस्टाग्राम पर 60 करोड़ फॉलोअर्स**

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो दुनिया के पहले व्यक्ति हो गए हैं जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। रोनाल्डो ने यह जानकारी खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।

रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने के बाद गुरुवार को एक पोस्ट किया। इस पोस्ट के अंत में लिखा- मुझ पर विश्वास करने, अपना समर्थन देने और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद।

रोनाल्डो के सोशल मीडिया फॉलोअर्स में इंस्टाग्राम पर 638 मिलियन (63.8 करोड़) से ज्यादा, एक्स पर 113 मिलियन (11.3 करोड़) से ज्यादा, फेसबुक पर 170 मिलियन (17 करोड़) और यूट्यूब पर 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं।




रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सिलेब्रिटी हैं। दूसरे नंबर पर अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी हैं। उनके 500 मिलियन (50 करोड़) फॉलोअर्स हैं।

#### हाल ही में अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया

रोनाल्डो ने हाल ही में यूट्यूब पर अपना चैनल लॉन्च किया था। फिलहाल उनके यूट्यूब पर 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। उन्होंने यूट्यूब पर सबसे तेज एक मिलियन यानी 10 लाख सब्सक्राइबर्स का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

चैनल पर एक दिन से भी कम समय में 13 मिलियन (1.3 करोड़) से अधिक सब्सक्राइबर्स हो गए थे। यह भी एक रिकॉर्ड है। इससे पहले एक दिन में सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर्स का रिकॉर्ड हैम्स्टर कोम्बैट चैनल के नाम था।

#### 900 गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी

रोनाल्डो ने इसी साल 5 सितंबर को क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में अपने करियर का 900वां गोल किया था। ऐसा करने वाले वे दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं।

रोनाल्डो ने यह माइलस्टोन हासिल करने के बाद सोशल मीडिया पर अपने फुटबॉल के सफर का एक क्लिप शेयर किया था। इस वीडियो को शेयर करते हुए रोनाल्डो ने सभी फैंस को शुक्रिया कहा। साथ ही कहा कि उन्होंने काफी समय से यह सपना देखा था, जो पूरा हो चुका है। अभी कुछ और सपने पूरे करने बाकी हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस : संदीप घोष, पुलिस अफसर CBI गिरफ्त में

- **सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप**
- **प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने खुशी मनाई**

**कोलकाता.** कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले में शनिवार (14 सितंबर) को सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और एक थाने के एसएचओ अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है।

अभिजीत मंडल ताला पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) के पद पर तैनात हैं। शनिवार देर रात उसे मेडिकल टेस्ट के लिए बीआर सिंह अस्पताल लाया गया। इसके बाद CBI उसे कोलकाता के स्पेशल क्राइम ब्रांच ले गई। संदीप घोष और अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने खुशी मनाई। डॉक्टरों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर CBI के इस कदम की सराहना की।

आरजी कर मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संजय रॉय को कोलकाता पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन गिरफ्तार किया था।

वहीं, संदीप घोष को CBI पहले ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। CBI ने उनका पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया था। घोष ने CBI को कौन सी बातें बताईं, अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। 5 सितंबर को CBI की जांच में सामने आया है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था।

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना और आतंकियों में जबरदस्त मुठभेड़**

# टॉप कमांडर समेत 3 दहशतगर्द ट्रैप

**पुंछ.** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के एक सुदूर गांव के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार शाम मेंढर के पठानतीर इलाके में स्थानीय पुलिस के साथ यह संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सेना के जवानों ने तीन आतंकियों को घेर दिया है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक टॉप कमांडर भी है। दोनों ओर से गोलीबारी चल रही है।

सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस और सेना ने शनिवार शाम मेंढर



उपमंडल के गुरसाई टॉप के पास स्थित पठानतीर इलाके में संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया था। इलाके में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की खबर है।

उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम जब आतंकवादियों की तलाश कर रही थी तभी आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद दोनों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है, इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

सूत्रों का कहना है कि आतंकियों में एक उनका टॉप कमांडर भी है, जिसे ट्रैप कर दिया गया है। यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद हुई है। आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुक्रवार रात को शुरू किया गया था। सेना और पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग से कुछ किलोमीटर दूर एक गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

## सूचना

उत्तर भारतीय बुद्ध विहार सेवा मंडल, उल्हासनगर P.T. R.NO. F-707 / थाणे के सभी पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि संस्था का वार्षिक सर्व साधारण सभा (A.G.M) दिनांक 30/09/2024, दिन सोमवार, समय सायंकाल 5.00 बजे स्थान संस्था का कार्यालय E.M.T. CO. सी. ब्लॉक रोड, शहद फाटक, उल्हासनगर-1 में रखी गई है, जिसमें चुनाव एवम अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**विषय :-**

1. पिछली मिटिंग का वृतांत पढ़कर सुनना एवं उसकी मंजूरी लेना
2. पिछले साल का वार्षिक जमा-खर्च पर चर्चा
3. कार्यकारिणी का गठन सन 2024 से सन 2027 तक का चुनाव
4. संस्था के आडिट के संदर्भ में
5. विद्यालय भवन निर्माण के संदर्भ में
6. अन्य कोई विषय अध्यक्ष के आदेशानुसार

सही/-

सचिव
**अरुण भु. जैसवार**
(उ.भा. बुध्द विहार सेवा मंडल)

संक्षेप...

## नायर अस्पताल में छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में असिस्टेंट प्रोफेसर निलंबित !

**मुंबई.** कोलकाता बलात्कार और हत्या का मामला तो ताज़ा है ही, अब मुंबई में भी एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक सहायक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। यह घटना मुंबई महानगर पालिका के अंतर्गत आने वाले बीआईएल नायर अस्पताल में हुई। फ्री प्रेस ने इस बारे में रिपोर्ट दी है.

मनपा ने कहा कि पूरी जांच पूरी होने और जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद आरोपी निलंबित असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी. छह महीने पहले मार्च में प्रशिक्षु डॉक्टर को एक सहायक प्रोफेसर ने बुलाया और उसके खेल के बारे में पूछा। यह संबंधित पीड़ित भी एक खिलाड़ी है. रिपोर्ट के अनुसार, कुछ दिनों बाद सहायक प्रोफेसर ने उसे अपने केबिन में वापस बुलाया। केबिन में उन्होंने उसकी गर्दन और कान को गलत तरीके से छुआ। पीड़िता ने दावा किया कि उन्होंने उसकी नाक में सूजी हुई लिम्फ नोड्स की जांच करने के बहाने उसे छुआ।

# महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की चर्चा अंतिम चरण में

**मुंबई.** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले चुनाव में अभी कुछ महीने ही बाकि हैं, जिसको लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं. इससे पहले विधानसभा चुनाव 2019 में हुआ था. इस बार सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रदेश की जनता किसके हाथ में सत्ता सौंपेगी. महाविकास अघाड़ी और महायुति की ओर खास रणनीति के तहत चुनावी तैयारी शुरू कर दी गई है.

कहा जा रहा है कि महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे की चर्चा अंतिम चरण में है. यानी मुंबई की 36 विधानसभा सीटों को लेकर चल रहा झगड़ा जल्द ही सुलझने वाला है. मुंबई की 36 सीटों में से शिवसेना ठाकरे ग्रुप 20 सीटों, कांग्रेस 18 सीटों और एनसीपी शरद चंद्र पवार ग्रुप 7 सीटों की मांग कर रहा है.

कांग्रेस मुंबई की 18 सीटों पर ज्यादा जोर दे रही है. जिसमें धारावी, चांदीवली, मुंबादेवी, मलाड पश्चिम, सायन कोलीवाड़ा, कोलाबा, कांदिवली पूर्व, अंधेरी पश्चिम, वर्सोवा, बांद्रा पश्चिम, घाटकोपर पश्चिम, कुर्ला, भायखला, जोगेश्वरी पूर्व, मालाबार हिल, माहिम, बोरीवली, चारकोप शामिल है. बता दें कि 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में



बीजेपी 105 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी. उस समय बीजेपी और शिवसेना ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था. उस समय संयुक्त शिवसेना 56 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही थी. वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने कांग्रेस के साथ मिलकर बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के खिलाफ चुनाव लड़ा था. एनसीपी ने 54 और कांग्रेस ने 44 सीटों पर जीत दर्ज की थी. यानि 2019 के चुनाव में कांग्रेस चौथे स्थान पर रही थी. वहीं मुंबई की 36 सीटों में से शिवसेना-बीजेपी गठबंधन ने 19 सीटें जीती थीं. इसके अलावा, 28 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही जीत पाई थी. वहीं एक सीट एनसीपी और एक सीट समाजवादी पार्टी ने जीती थी. इस बार मुंबई की 36 सीटों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है.

# अदाणी समूह ने बिजली आपूर्ति की बोली जीती

■ **जेएसडब्ल्यू एनर्जी-टॉरेंट पावर को पछाड़ा**

**मुंबई.** महाराष्ट्र को दीर्घ अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली अदाणी समूल ने जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी, जिसमें उन्होंने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय




और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी होने की तारीख से 48 महीनों में बिजली की आपूर्ति शुरू होनी है।

अदाणी समूह अपनी पूरी आपूर्ति अवधि के दौरान सौर बिजली की आपूर्ति 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर पर करेगी। जबकि कोयले से उत्पादित बिजली का दाम कोयला कीमतों के आधार पर निर्धारित होगा। महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) ने मार्च में सूरज की रोशनी से उत्पन्न पांच हजार मेगावाट बिजली और कोयले से उत्पन्न 1600 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एक विशेष टेंडर निकाला था। इसे लोकसभा चुनाव होने से पहले जारी किया गया था और विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले इसे अदाणी को दे दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह ने अनुबंध जीतने के लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। दूसरी सबसे कम बोली 4.36 रुपये प्रति यूनिट जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने लगाई थी। यह महाराष्ट्र में पिछले साल खरीदी गई औसत बिजली कीमत 4.70 रुपये प्रति यूनिट से कम है। महाराष्ट्र बिजली नियामक आयोग (एमईआरसी) ने 2024-25 के लिए बिजली खरीद की औसत कीमत 4.97 रुपये प्रति यूनिट तय की है। चार कंपनियों ने 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति के टेंडर में भाग लिया था।

# कल्याण में 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

■ **4 सालों से भारत को बना रखा था अपना ठिकाना**

**कल्याण.** कल्याण में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इस मामले को लेकर ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि बिना वैद्य दस्तावेज के देश में रहने के कारण चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है जबकि एक व्यक्ति को उनकी मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.

मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान लकी नजरूल शेख (35), मोहम्मद शबीर हुसैन (30), रुकसाना तौसीफ शेख (45) और तौसीफ फिराज शेख (50) के रूप में की है. वहीं पकड़े गए उनके मदद का नाम आमिर है जो कोनगांव में रहता है.

इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमने शुक्रवार को कल्याण के पिसवली में एक फ्लैट पर छापेमारी के बाद बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ लिया. वो 2020 से बिना वैद्य दस्तावेज के रह रहे थे. यह जानने के बावजूद कि ये लोग बांग्लादेश से हैं उनमें से एक को सिम कार्ड और किराए पर एक घर भी दिलवाया, उन पर विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं.'

इससे पहले बीते जून महीने में भी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ गया था. जिन आरोपियों को पकड़ा गया था वो ना सिर्फ अवैध तरीके से रह रहे थे बल्कि वहां अपने दस्तावेज भी बनवा रहे थे. ऐसे चार विदेशी नागरिकों को एटीएस ने गिरफ्तार किया था. चारों ही बांग्लादेश के मूल निवासी थे और मुंबई में अवैध तरीके से रह रहे थे. इन लोगों ने यहां फर्जी डॉक्यूमेंट भी बनावा रखा था और इस लोकसभा चुनाव में इन लोगों ने मतदान भी किया था.

**एक ही दिन गो तस्करी के दो अलग-अलग मामले**

# 3 गाड़ियों से गोमांस बरामद

▸▸| उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** रविवार को कल्याण में दो अलग-अलग थानों की पुलिस ने गोमांस से भरे टेम्पो पकड़कर गो तस्करों को गिरफ्तार किया। एक मामला खड़कपाड़ा थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस ने गोमांस के साथ टेम्पो चालक को गिरफ्तार किया। जबकि दूसरा मामला मानपाड़ा थाना क्षेत्र का है, जिसमें पुलिस ने गोमांस से भरी दो गाड़ियां बरामद की। हालांकि पुलिस को देखकर गो तस्कर फरार हो गए, जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। इतनी भारी मात्रा में गोमांस कहां से लाया गया और कहां ले जाया जा रहा था, कल्याण पुलिस इसकी तहकीकात करने में जुटी हुई है।

मानपाड़ा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोमांस की तस्करी के विषय में मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कल्याण-शीलरोड रोड़ स्थित गोलवली में टाटा इंट्रा टेम्पो क्रमांक एमएच 04 एलई 9324 और मारुती स्विफ्ट कार एमएच 46 जेड 8597 की तलाशी ली तो दोनों गाड़ियों से गोमांस बरामद हुआ। मानपाड़ा पुलिस ने दोनों गाड़ियां जब्त कर ली है, लेकिन गो तस्करों को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम रही। पुलिस को आता देख गो तस्कर फरार हो गए।



■ **पेट्रोलिंग के दौरान टेम्पो से मिला गोमांस**

दूसरा मामला कल्याण पश्चिम के भंडारी चौक स्थित गांधारी पूल का है, जहां खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के बीट मार्शल पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस के मुताबिक टाटा इंट्रा क्रमांक एमएच 48 सीक्यू 4839 यह टेम्पो तेज़ रफ्तार से गांधारी पूल से होते हुए कल्याण की दिशा में आ रही थी। संदेह होने पर पुलिस ने टेम्पो को रोककर तलाशी ली, तो उसमें गोमांस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर शेरू नामक ड्राइवर को गिरफ्तार किया जबकि उसका साथी मिराज कुरेश जो कि मुंबई का रहने वाला बताया जा रहा है, उसे नोटिस देकर तलब किया है।

# वयस्कों के लिए टीकाकरण

**भिवंडी.** शांतिनगर परिसर में मनपा स्वास्थ्य द्वारा संचालित आपला दवाखाना का उद्घाटन प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य के हाथों से किया गया. उन्होंने वयस्कों के लिए बीसीजी टीकाकरण की शुरुआत करते हुए स्वयं टीकाकरण कराते हुए लोगों से टीकाकरण कराए जाने की अपील की.



गौरतलब हो कि, सरकार के निर्देश पर वयस्क बीसीजी टीकाकरण 3 सितम्बर से शुरू किया गया है. वयस्क बीसीजी टीकाकरण 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिन्हें पिछले 5 वर्षों में टीबी हुई हो. जो व्यक्ति 1 जनवरी 2021 से टीबी रोगियों के संपर्क में रहा हो. 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, सिगरेट या बीड़ी पीने वाले, मधुमेह रोगियों को टीकाकरण किया जाना है.बीसीजी टीका छोटे बच्चे के जन्म पर भी दिया जाता है.भिवंडी मनपा के सभी चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ साथ विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. उक्त मुहिम से सभी नागरिको को लाभ उठाने की अपील आयुक्त अजय वैद्य ने की है.

# धड़ल्ले से बिक रही प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियां

■ **दुकानदारों को मनपा कार्रवाई का कोई खौफ नहीं**

▸▸| उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक थालियों के उपयोग पर लगाई गई मनाही का कोई असर भिवंडी शहर में दिखाई नहीं पड़ता है.भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य के निर्देश के बाद भी मनपा अधिकारी, कर्मचारी दुकानदारों, फेरीवालों,ठेलावालों पर कोई एक्शन नहीं ले रहे जिससे प्लास्टिक थैली उपयोग कर्ताओं के हौंसले बुलंदी पर हैं.

गौरतलब हो कि, शहर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर प्रतिबंध होने के बाद भी नागरिकों में भी जागरूकता का अभाव देखा जाता है.मनपा प्रशासन के निर्देश पर मनपा कर्मियों की टीम कभी कभार प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों की बिक्री करने वालों एवम ग्राहकों को प्लास्टिक थैलियां में भरकर सामान देते हुए पकड़े जाने पर कार्यवाही करती है जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु 50 माइक्रोन से कम की प्लास्टिक थैलियों को प्रतिबंधित किया गया है.सरकारी आदेश का उल्लंघन कर प्रतिबंधित प्लास्टिक



बिक्री एवं उपयोग में लिप्त दुकानदारों पर दंड लगाने का प्रावधान किया गया है. भिवंडी शहर में प्रतिबंधित थैलियों का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है. बाजार क्षेत्र तीन बत्ती,मंडई, पद्मा नगर, अंजूरफाटा,कामतघर,

शांतिनगर केजीएन चौक, धामनकरनाका आदि जगहों पर धड़ल्ले से प्लास्टिक थैलियां दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को दी जाती हैं. मनपा प्रशासन से शिकायत के उपरांत कभी कभार दिखावे के रूप में मनपा अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम कार्यवाही करती है फिर जस का तस हो जाता है. लोगों का आरोप है कि मनपा कर्मी की टीम प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग करने वाले दुकानदारों,होटल मालिकों, ठेला वालों पर एक्शन लेकर आर्थिक दंड कम वसूल करती है बावजूद अपनी जेब भरते हैं. मनपा टीम द्वारा करीब 15 दिन पूर्व मंडई स्थित एक गोदाम से 500 किलो प्लास्टिक जब्त की गई लेकिन दुकानदारों पर कोई असर नहीं पड़ा है.

### नागरिकों से मनपा आयुक्त की अपील



शासन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रतिबंधित प्लास्टिक निर्माण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्णतया पाबंदी लगाई गई है. प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादन, बिक्री एवं उपयोग रोकने हेतु मनपा प्रशासन प्रतिबद्ध है.भिवंडी शहर को साफ-सुथरा एवं प्रदूषण मुक्त रखे जाने हेतु शहर के नागरिकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों का उपयोग कदापि नहीं करना चाहिए. घरेलू सामान की खरीदी हेतु घरों से थैला लेकर बाजार जाएं. दुकानदार, ठेलाधारक, सब्जी विक्रेता आदि कदापि ग्राहकों को शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों में सामान कदापि न देवें अन्यथा पकड़े जाने पर भारी आर्थिक जुर्माना वसूला जाएगा.

**-अजय वैद्य** प्रशासक, आयुक्त मनपा

## मुंबई को जल्द मिलेगी सातवीं वंदे भारत

**मुंबई.** मुंबई वालों को एक और वंदे भारत मिलने जा रही है। मुंबई में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की जाएगी। यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन मुंबई-पुणे-कोल्हापुर रूट पर चलाई जाएगी। इससे पहले मुंबई से पुणे के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-पुणे-सोलापुर रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जा रही है।

**मुंबई विश्वविद्यालय अंतर विभागीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में**

# एसएसटी महाविद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय अंतर विभागीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा साबित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन लांजा महाविद्यालय में किया गया था, जिसमें ठाणे विभाग ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग में रोहन चौधरी और अविनाश भगत ने ठाणे विभाग का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया। महिला वर्ग में साक्षी



जड्याल ने लगातार तीसरे वर्ष व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उनके साथ निकिता मरले, अंकिता पोळ, और सुजाता मुंडेकर ने



मिलकर टीम स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज किया।

एसएसटी महाविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक प्रो. राहुल अकुल और प्रो. पुष्कर पवार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को विशेष ऊंचाई मिली। सफल खिलाड़ियों को मुंबई विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक डॉ. मनोज रेड्डी, एसएसटी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, महाविद्यालय के सभी शिक्षक,अन्य कर्मचारी और विद्यार्थियों ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name
**KANAYA SHANKAR GUPTA**
to now My New Name is
**KANHAIYA SHANKAR GUPTA.**
So all the public now call me
**KANHAIYA SHANKAR GUPTA.**
(Add: BK no.1406 room no.8 backside of morya apt. Maratha section 32, Ulhasnagar-421004. Dist Thane).

# सलमान ने इंजरी के चलते एक्शन सींस से लिया ब्रेक

■ **रशिमका मंदाना के साथ 'सिकंदर' के गाने की शूटिंग की, 200 बैकग्राउंड डांसर्स ने हिस्सा लिया**

सलमान खान और रशिमका मंदाना इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में बिजी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में दोनों ने एक फेस्टिव सॉन्ग शूट किया है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिब इंजरी की वजह से सलमान ने इन दिनों इंटेंस एक्शन सीक्वेंस से ब्रेक लिया हुआ है। इसी बीच उन्होंने रशिमका के साथ डांस नंबर की शूटिंग की है। इसे मुंबई के स्लम एरिया धारावी के बैकड्रॉप पर फिल्माया गया है। गाने में 200 बैकग्राउंड डांसर्स ने हिस्सा लिया है। इसकी शूटिंग गोरेगांव के एसआरपीएफ ग्राउंड पर बनाए गए सेट पर की गई है।



### यूरोप में शूट होंगे रोमांटिक गाने

फिल्म डायरेक्टर एआर मुर्गदोस ने इस गाने की शूटिंग लगभग निपटा ली है और अब वो अगले हफ्ते से एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग पर फोकस करेंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर तक मुंबई में होगी। इसके बाद दो रोमांटिक गानों की शूटिंग के लिए क्रू यूरोप जाएगा। फिल्म में सलमान और रशिमका मंदाना के अलावा प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी नजर आएंगे। यह अगले साल ईद पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो सिकंदर के बाद सलमान जल्द ही कमल हासन के साथ भी एक फिल्म पर काम शुरू करेंगे।




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099